दिनांक: 24.07.2024

समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

भारतीय जनता पार्टी ने नीट–यूजी परीक्षा और बजट 2024–25 पर सवाल उठाने के लिए विपक्षी दलों पर निशाना साधा है। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है कि नीट परीक्षा की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया गया, लेकिन विपक्षी दल देश को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत मिलते ही सरकार ने तुरंत कार्रवाई की और मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिये। बजट 2024–25 पर विपक्षी दलों की टिप्पणियों पर श्री प्रसाद ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग के लिए है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को बजट को पढ़ने और समझने की जरूरत है।

सर्वोच्च न्यायालय ने अदालत की कार्य अवधि से संबंधित अपने नियमों में संशोधन किया है। संशोधन के अनुसार नई कार्य अवधि सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक होगी। शीर्ष न्यायालय ने अधिसूचना में कहा है कि छुट्टियों और दूसरे तथा चौथे शनिवार को अदालत के कार्यालय बंद रहेंगे। नए नियम एक अगस्त से लागू होंगे।

उच्चतम न्यायालय 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा। इनमें लंबित मामलों को आपसी समझाइश और राजीनामे से निपटाने के प्रयास किये जाएंगे। यह पहल सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75वें वर्ष में की जा रही है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने उन नागरिकों से इस पहल का लाभ उठाने की अपील की है जिनके मामले शीर्ष अदालत में लंबित हैं।

केन्द्र सरकार द्वारा घोषित बजट 2024–25 में कैंसर की तीन अतिरिक्त दवाईयों पर सीमा शुल्क में छूट देने का फैसला किया गया है। इन दवाओं में स्तन कैंसर में ली जाने वाली ट्रैस्टुज़ुमैब डेरक्सटिकेन, फेफडों के कैंसर के लिए ओसिमर्टिनिब और पित्त तथा फेफडों के कैंसर के लिए उपयोग में आने वाली दवा ड्यूरवैलुमैब शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि देश में 27 लाख मरीजों को इससे लाभ होगा। मंत्रालय ने बताया कि एक्स–रे ट्यूब और फ्लैट पैनल डिटेक्टरों पर सीमा शुल्क को भी संशोधित किया गया है।

राज्य मानवाधिकार आयोग द्वारा ग्रीष्मकालीन इन्टर्नशिप कार्यक्रम का दीक्षान्त समारोह आज जयपुर में आयोजित हो रहा है। समारोह में आयोग के सदस्यों के अलावा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सुष्मित विश्वास और आयोग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भाग ले रहे हैं। इस इन्टर्नशिप कोर्स के लिए देशभर के विभिन्न विधि विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 46 का कोर्स के लिए चयन किया गया। 39 विधि विधार्थियों ने सफलतापूर्वक इन्टर्नशिप कार्यक्रम पूरा किया है।

झालावाड़ जिले में किसानों को उन्नत खेती के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से उन्हें ड्रोन द्वारा कीटनाशक और उर्वरक का छिड़काव करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हाल ही में

इफको द्वारा एक युवा किसान सौरभ शर्मा को ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण देकर पहला ड्रोन उपलब्ध करवाया गया। इफको कम्पनी के प्रतिनिधि सुधीर मान ने सौरभ शर्मा को ड्रोन सौंपा। सौरभ ने इसके बाद किसानों के सामने इसका प्रदर्शन भी किया। सुधीर मान ने बताया कि ज़िले में किसानों को उच्च तकनीक से जोड़ने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। उन्हें खेती की उन्नत तकनीक की जानकारी दी जा रही है।

राज्य में मॉनसून की सक्रियता से कई स्थानों पर अच्छी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में सर्वाधिक 12 सेंटीमीटर बारिश धौलपुर के सरमथुरा में हुई। जयपुर, अलवर और बारां जिले में भी कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई। अलवर के बहादुरपुर में 10 सेंटीमीटर, राजगढ़ में 9, बारां जिले के छबड़ा में 8, जयपुर के शाहपुरा में 7 और सवाईमाधोपुर, करौली, दौसा, अजमेर, सीकर, डूंगरपुर, झुंझुनूं, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिलों में विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। राजधानी जयपुर में आज सुबह से बादलों की आवाजाही बनी हुई है। सुबह कई जगह हल्की बरसात भी हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज भी अधिकतर स्थानों पर बारिश का पूर्वानुमान है।